सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२०२६

कक्षा:-चार	विषय:हिंदी	पाठ ३ वीर बालक रामचंद्र

कठिन शब्द

१)बलिदान

२)राष्ट्रप्रेमी

३)फावड़े

४)पराधीनता

५)कलेक्टर

६)आंदोलन

७)यूनियन जैक

८)क्रांतिकारी

९)मजिस्ट्रेट

१०)पिस्तौल

११)आक्रोश

१२) कार्यालय

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

प्रश्न 1) महात्मा गाँधी ने कौन- सा आंदोलन चलाया ?

उत्तर महात्मा गाँधी ने देश को अंग्रेज़ों से मुक्त कराने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन चलाया था ।

प्रश्न२) आंदोलन की खबर सुनकर रामचंद्र ने क्या किया ?

उत्तर आंदोलन की खबर सुनकर रामचंद्र पर देश पर मर मिटने की धुन सवार हो गई थी । वह गाँव से भारत माता की जय- जयकार करते हुए देवरिया की ओर जा रहा था । रास्ते में उन्हें किसान फावड़ा चलाते हुए मिला। उन्होंने किसान से कहा- फावड़े से मेरा गला काटकर देवरिया ले जाइए और लोगों से कहें कि वह इस तरह देश के लिए मर मिटे ।

प्रश्न 3) कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर रामचंद्र ने क्या किया?

उत्तर कलेक्टर कार्यालय के ऊपर रामचंद्र ने यूनियन जैक को फहरते हुए देखा ,जो भारत की पराधीनता को प्रकट कर रहा था । इसलिए उसने कार्यालय की छत पर पहुँचकर यूनियन जैक को उतारा और उसके टुकड़े-टुकड़े करके फेंक दिया ।

प्रश्न ४) पुलिस ने भागने वाले लोगों पर लाठियाँ और गोलियाँ क्यों बरसाई ?

उत्तर पुलिस ने भागने वाले लोगों पर लाठियाँ और गोलियाँ इसलिए बरसाई क्योंकि रामचंद्र और उसके साथी रामलीला मैदान में चल रही क्रांतिकारियों की सभा में शामिल हो गए थे ।

रिक्त स्थान भरिए ।

१)गाँधी जी की पुकार पर देश भर के लोग <u>आंदोलन</u> में कूद पड़े ।

२)कलेक्टर कार्यालय के ऊपर <u>यूनियन जैक</u> फहर रहा था ।

३) <u>विदेशी</u> झंडे को देख रामचंद्र का खून खौल उठा ।

४)<u>मजिस्ट्रेट</u> ने पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी ।

५)पुलिस ने भागने वालों पर भी <u>लाठियाँ</u> और <u>गोलियाँ</u> बरसाई ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए

१)मुक्त -आज़ाद

राजा ने सभी पक्षियों को कैद से मुक्त कर दिया ।

२)राष्ट्र -प्रेमी- देश से प्रेम करने वाला

देश का सच्चा राष्ट्र- प्रेमी बनकर देश की प्रगति और उन्नति में योगदान देना चाहिए ।

३)आक्रोश- नाराज़गी या गुस्से का भाव

अदालत के गलत फैसले पर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया ।

४)बलिदान- देश के लिए मरना

वीर सैनिकों ने युद्ध के मैदान में अपने प्राणों का बलिदान दिया ।

५)पराधीनता -गुलामी

पराधीनता की बेड़ी में जकड़ा भारत 1947 में आज़ाद हुआ ।